बरेली, गुरुवार
9 फरवरी, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO 06, TOP

उपाधि संग पदक पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के बरेली, उन्नाव स्थित शैक्षिक संस्थानों के 310 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में बुधवार को श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 22वां दीक्षा समारोह ट्रस्ट के शतिक सभागार में हुआ। इसमें ट्रस्ट के बरेली स्थित सीईटी, सीईटीआर, उन्नाव स्थित सीईटी के बी-टेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, पाठ्यक्रमों के सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण 310 छात्रों को उपाधियां दी गईं। विभिन्न संकायों में विशिष्ट अंक हासिल कर उत्तीर्ण होने वाले और खेल में ओवरआल प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार भी दिया।

दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि नेशनल बोर्ड आफ एक्रिडिटेशन नई दिल्ली के पूर्व चेयरमैन शिक्षाविद प्रो. केके अग्रवाल ने रहे। उन्होंने देश को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि इंटीग्रेटिड एसोसिएशन आफ माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज आफ इंडिया फरीदाबाद के फाउंडर एवं चेयरमैन राजीव चावला ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि कुछ करना है तो समय के साथ चलना पड़ेगा। सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी अतिथियों और छात्रों के स्वजनों का स्वागत किया।

पढ़ाई, खेल में ओवरआल प्रदर्शन करने पर 27 विद्यार्थियों को पदक के साथ नकद पुरस्कार मिला


दीक्षा समारोह को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि राजा चावला ● सौ. एसआरएमएस

सीईटी के डीन एकेडेमिक डा. प्रभाकर गुप्ता ने पिछले वर्ष हासिल संस्थान की उपलब्धियां गिनाईं। सीईटीआर के प्राचार्य डा. एलएस मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान मीरगंज विधायक डा. डीसी वर्मा, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, सुभाष मेहरा, सुरेश सुंदरानी, डीपी अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, डा. अजय शर्मा, डा. अनुराग मोहन, डा. वंदना शर्मा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता, एयर मार्शल डा. महेंद्र सिंह बडोला, नर्सिंग कालेज की प्राचार्य डा. रिंटू चतुर्वेदी, पैरामेडिकल के प्राचार्य डा.सीएम चतुर्वेदी, ला कालेज के प्राचार्य डा. मुकुट बिहारी लाल, ट्रेनिंग प्लेसमेंट एंड डेवलपमेंट सेल के निदेशक डा. अनुज कुमार, ला कालेज के निदेशक डा. नसीम अख्तर, फार्मेसी की निदेशक डा. आरती गुप्ता, चीफ प्राक्टर डा. सोवन मोहंती आदि रहे।

ओवरआल प्रदर्शन पर बीटेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा कनुप्रिया अग्रवाल को ट्राफी और प्रमाण पत्र देते ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति साथ में नेशनल बोर्ड आफ एक्रिडिटेशन नई दिल्ली के पूर्व चेयरमैन प्रो. केके अग्रवाल ● सौ. एसआरएमएस

देश को विश्वगुरु बनाने के लिए बनना होगा आर्किटेक्ट

दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि डा. केके अग्रवाल ने कहा कि यह वह समारोह है जब बच्चा डिग्री हासिल कर समाज की ओर रुख करता है। खुद के साथ देश का भविष्य बनाने का प्रयास करता है। आज के बाद आपका विशेष दौर आरंभ होगा। आपके फैसले आपका जीवन तो प्रभावित करेंगे ही देश का भविष्य भी बदलेंगे। देश को विश्वगुरु बनाने को आपको ही आर्किटेक्ट बनना है। यह उद्यमी बन कर ही संभव है।

इन मेधावियों को मिले पदक

● हर्षिता मौर्या, कंप्यूटर साइंस, 51 हजार रुपये, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● कार्तिक पंत, सीएस, 51 हजार रुपये, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● अंकिता श्रीवास्तव, सीएस, 51 हजार रुपये, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● अदिति वर्मा, ईसी, 21 हजार रुपये, डा. ऊषा मेहरा स्वर्ण पदक ● कुलदीप कश्यप, ईएन, 21 हजार रुपये, पीएन गुप्ता स्वर्ण पदक ● स्वाति गंगवार, आइटी, 21 हजार रुपये, इंजी. पीएन गुप्ता स्वर्ण पदक ● गौरांग अग्रवाल, एमई, 21 हजार रुपये, डा.आशा गुप्ता स्वर्ण पदक ● कीर्ति सक्सेना, बीफार्मा, 21 हजार रुपये, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● स्वाति गंगवार, आइटी, रजत पदक ● मिफराह फातिमा, आइटी, कांस्य पदक ● हर्षिता मौर्या, सीएस, प्रेम प्रकाश गुप्ता स्वर्ण पदक, इंजी. सुभाष मेहरा स्वर्ण पदक ● अक्सा नदीम, बीफार्मा, रजत पदक ● शौर्या ठाकुर, बीफार्मा, कांस्य पदक पखुड़ी सक्सेना, एमबीए, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● राजुल शर्मा, एमबीए, रजत पदक ● प्रियंका, एमबीए, कांस्य पदक ● गीतांजलि, एमसीए, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● आशुतोष मौर्या, एमसीए, रजत पदक ● अर्श रुयैनवार, एमसीए, कांस्य पदक ● अभिषेक सनवाल, सीएस, रजत पदक ● अंकित शर्मा, सीएस, कांस्य पदक ● शिवांगी बजाज, सीएस, श्रीराममूर्ति स्वर्ण पदक ● कनुप्रिया अग्रवाल, सीएस, खेल में ओवरआल प्रदर्शन पर विशेष पुरस्कार ● अनुभव कुमार, सीएस, खेल में ओवरआल प्रदर्शन पर विशेष पुरस्कार